उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

(खास महाल प्रकोष्ठ)

–: आदेश :–

राजस्व उप निरीक्षक, खास महाल प्रकोष्ठ, हजारीबाग द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि हजारीबाग खास महाल क्षेत्रान्तर्गत मौजा–कैन्टानमेन्ट, थाना संख्या–157, भवन पट्टा होल्डिंग संख्या–302, प्लॉट संख्या–872/1235, 873/1336 एवं 893/1337, रकबा क्रमशः 0.25 एकड़, 0.15 एकड़ एवं 0.10 एकड़ कुल रकबा 0.50 एकड़ भूमि के दक्षिणी भाग पर श्री योगेन्द्र साव, भूतपूर्व विधायक एवं सुश्री अम्बा प्रसाद, माननीय सदस्य विधान सभा द्वारा अवैध रूप से चहारदिवारी का निर्माण कर दिया गया है। यह लीज भूमि मो0 एहसान पिता स्व0 मो0 सामुएल के नाम से दिनांक 31.03.2008 तक नवीकृत है। लीज की अवधि समाप्त हो चुकी है। लीज नवीकरण नहीं होने की स्थिति में यह भूखण्ड सरकार की सम्पति है।

अतः उपरोक्त के आलोक में प्रश्नगत् भूखण्ड पर अवैध रूप से चहारदिवारी निर्माण करने वाले के विरूद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करने हेतु श्री शशि भूषण सिंह, अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग को प्राधिकृत किया जाता है। साथ ही प्रश्नगत् खास महाल की भूमि पर अवैध निर्माण को ध्वस्त करने तथा अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु दण्डाधिकारी के रूप में निम्न पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाती है :–

1. श्री शशि भूषण सिंह, अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग
2. श्री राम रतन वर्णवाल, अंचल अधिकारी, केरेडारी, हजारीबाग
3. श्री अनिल कुमार, अंचल अधिकारी, कटकमसांडी, हजारीबाग
4. श्री बालेश्वर राम, अंचल अधिकारी, बड़कागाँव, हजारीबाग

प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि दिनांक 22.11.2023 को पूर्वाह्न 9:00 बजे स्थल पर उपस्थित रहकर उक्त खास महाल भूमि पर किये गये चहारदिवारी निर्माण को ध्वस्त करते हुए अतिक्रमण को हटाना सुनिश्चित करेंगे। (उपायुक्त, हजारीबाग का संचिका संख्या XXII-02/2023 के टिप्पणी पृष्ठ संख्या–04 पर अनुमोदन प्राप्त है।)

21/11/23

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

ज्ञापांक 477 /खा0म0 हजारीबाग, दिनांक 21/11 /2023

प्रतिलिपि :– श्री शशि भूषण सिंह, अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग / श्री राम रतन वर्णवाल, अंचल अधिकारी, केरेडारी हजारीबाग / श्री अनिल कुमार, अंचल अधिकारी, कटकमसांडी हजारीबाग / श्री बालेश्वर राम अंचल अधिकारी, बड़कागाँव हजारीबाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि दण्डाधिकारियों के सहयोगार्थ दिनांक 22.11.2023 को 100 की संख्या में सशस्त्र पुलिस बल (25 महिला एवं 75 पुरूष बल) एवं समुचित संख्या में पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपि :– उपायुक्त, हजारीबाग को सूचनार्थ प्रेषित।

21/11/23

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

e-mail id – achazaribagh2023@gmail.com
ac-hazaribagh@jharkhandmail.gov.in